## SATISH CHANDRA MEMORIAL SCHOOL

## CLASS-V

## SUBJECT-HINDI

## PRACTICE TEST

### CASE-STUDY (Total-14)

**1.नीचे दिए गए केस स्टडी को पढ़कर प्रश्न (i) से (iv) के सही विकल्प एवं (v) से (ix) सही उत्तर दीजिए-** **(1x4=4)+(2x5=10)**

जीवन के साथ संस्कारों का घनिष्ठ सम्बन्ध है और भारतीय जीवन में संस्कारों का बड़ा महत्त्व है ।संस्कार शब्द की द्युत्पति 'कृ' धातु में सम उपसर्ग लगाकर की गयी है । इसका अर्थ है-शुद्धि, परिष्कार, सुधार । मन, रुचि, आचार-विचार को परिष्कृत तथा उन्नत करने का कार्य । वास्तव में संस्कृति शब्द संस्कार से बना है । इसका अर्थ है-परिमार्जित, परिकृत, सुधारा हुआ, ठीक किया हुआ । इन अर्थो में मानव में जो दोष हैं, उनका शोधन करने के लिए, उन्हें सुसंस्कृत करने के लिए ही संस्कारों का प्रावधान किया हुआ है ! संस्कारों के द्वारा मानवीय मन को एक विशिष्ट वैज्ञानिक पद्धति के आधार पर निर्मल, सन्तुलित एवं सुसंस्कृत बनाया जाता है । जीवन में काम आने वाले सत्यवृत्तियों का बीजारोपण भी इन संस्कारों के समय होता है । यदि किसी बालक के सभी संस्कार ठीक रीति से समुचित वातावरण में किये जायें, तो उसका व्यक्तित्व सुविकसित होता है । संस्कार पद्धति के द्वारा उसके मनोविकारों का निराकरण कर उसकी सृजनात्मक शक्ति को बढ़ावा देता है । अत: जीवन की बहुमूल्य विशिष्टता, सम्पदा और चरित्र निर्माण का आधार संस्कार है । संस्कारों का महत्त्व: मानव जीवन में संस्कारों का अत्यधिक महत्त्व है । संस्कारों का सर्वाधिक महत्त्व मानवीय चित्त की शुद्धि के लिए है । संस्कारों के द्वारा ही मनुष्य का चरित्र निर्माण होता है और विचारों के अनुरूप संस्कार; क्योंकि चरित्र ही वह धुरी है, जिस पर मनुष्य का जीवन सुख, शान्ति और मान-सम्मान को प्राप्त करता है । संस्कार के द्वारा मानव चरित्र में सदगुणों का संचार होता है, दोष, दुर्गुण दूर होते हैं । मानव जीवन को जन्म से लेकर मृत्यु तक सार्थक बनाने तथा सत्य-शोधन की अभिनव व्यवस्था का नाम सरकार है । संस्कारों का मूल प्रयोजन आध्यात्मिक भी है तथा नैतिक विकास का भी है; क्योंकि मानव जीवन को अपवित्र एवं उत्कृष्ट बनाने वाले आध्यात्मिक उपचार का नाम सस्कार है ।

(i) आपके अनुसार जीवन के साथ किसका घनिष्ठ सम्बन्ध है ?

| | |
|---|---|
| A. अभिभावक का | B. दोस्तों का |
| C. संस्कारों का | D. ईश्वर का |

(ii) संस्कार शब्द का क्या अर्थ है ?

| | |
|---|---|
| A. शुद्धि | B. परिष्कार |
| C. सुधार | D. ऊपर के तीनों ही |

(iii) किसकी बहुमूल्य विशिष्टता, सम्पदा और चरित्र निर्माण का आधार संस्कार को माना गया है ?

| | |
|---|---|
| A. मरण | B. जीवन |
| C. दिन | D. रात |

(iv) **<u>कथन:-</u>** संस्कारों का महत्त्व: मानव जीवन में संस्कारों का अत्यधिक महत्त्व है ।

**<u>कारण:-</u>** इसका सर्वाधिक महत्त्व मानवीय चित्त की अशुद्धि के लिए है ।

| | |
|---|---|
| A. कथन सही कारण गलत है । | B. कथन गलत कारण सही है । |
| C. कथन और कारण दोनों गलत है । | D. कथन और कारण दोनों सही है । |

(v) आपके अनुसार जीवन में संस्कारों का महत्व क्यों है ?

(vi) आप मनुष्य में दोष-दुर्गुण को कैसे दूर करेंगे ?

(vii) जीवन की बहुमूल्य विशिष्टता, सम्पदा और चरित्र निर्माण का आधार संस्कार को क्यों माना गया है ?

(viii) आप असंस्कारी व्यक्ति की पहचान कैसे करोगे ?

(ix) 'संस्कार' की परिभाषा अपने शब्दों में लिखो ।

**<u>HOTS QUESTIONS-ANSWERS (Total-16)</u>**

**नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 3-4 वाक्यों में लिखो-** **(3x2=6)**

(i) पानी की समस्या को दूर करने का उपाय बताओ ।

(ii) गाँव की सुंदरता का वर्णन तीन-चार वाक्यों द्‌वारा करों ।

**नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर 2-3 वाक्य में लिखो-** **(2x5=10)**

(i) पेड़-पौधे लगाने का लाभ बताओ ।

(ii) आपको 'गाँव' पसंद है या 'शहर', अपने उत्तर का कारण भी बताओ ।

(iii) पानी को बर्बाद करने वाले लोगों को आप कैसे समझाओगे ।

(iv) आपको कौन-सा पेड़ लगाना पसंद है और क्यों ?

(v) पेड़ों को अंधाधुंध काटने को रोकने के लिए आप क्या उपाय करोगे ।